साहित्य संहिता

ISSN- 2454-2695
Volume 02 Issue 0
June 2016

Available at http://sahityasamhita.org/

ईश्वर आज अवकाश पर है

उमेश कुमार

" *God On Leave Today* "

ईश्वर आज अवकाश पर है ...
मंदिर की घंटी ना बजाइये ...

जो बैठे हैं बूढ़े - बुज़ुर्ग,
अकेले पार्क में ...
जाकर, उनके साथ कुछ समय बिताइये ...

ईश्वर आज अवकाश पर है ...
मंदिर की घंटी ना बजाइये ...

ईश्वर है पीड़ित परिवार के साथ,
जो, अस्पताल में आज परेशान है ...
उस, पीड़ित परिवार की जाकर कुछ मदद कर आइये ...

ईश्वर आज अवकाश पर है ...
मंदिर की घंटी ना बजाइये ...

एक चौराहे पर खड़ा युवक, काम की तलाश में है,
उसके पास जाकर ...
उसे, नौकरी के अवसर दिलाइये ...

साहित्य संहिता

ISSN- 2454-2695
Volume 02 Issue 0
June 2016

Available at http://sahityasamhita.org/

ईश्वर आज अवकाश पर है ...
मंदिर की घंटी ना बजाइये ...

ईश्वर है चाय कि दुकान पर,
उस अनाथ बच्चे के साथ ...
जो, कप प्लेट धो रहा है ...
पाल सकते हैं, पढ़ा सकते हैं ...
तो, उसको आप पढ़ाइये ...

ईश्वर आज अवकाश पर है ...
मंदिर की घंटी ना बजाइये ...

एक बूढ़ी औरत, जो दर दर भटक रही है,
एक अच्छा सा लिबास जाकर उसे दिलाइये ...
हो सके तो, उसे किसी नारी आश्रम में छोड़ आइये ...

ईश्वर आज अवकाश पर है ...
मंदिर की घंटी ना बजाइये ...!!